प्रेस नोट

जनपद हमीरपुर **दिनांक 15.04.2024**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन वर्ष-2024 को शांतिपूर्ण/सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा पुलिस बल की ब्रीफिंग की गई

लोकसभा सामान्य निर्वाचन वर्ष 2024 प्रक्रिया को निष्पक्ष, निर्विवाद व सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आज दिनांक 15.04.2023 को पुलिस लाइन्स हमीरपुर में पुलिस अधीक्षक महोदया हमीरपुर द्वारा मतदान प्रक्रिया में लगे समस्त अधिकारी/कर्मचारी (पुलिस/होमगार्ड्स) को चुनाव ड्यूटी हेतु ब्रीफ किया गया।

अवगत कराया गया कि मतदान के दौरान मतदान केन्द्र के अन्दर किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को प्रवेश न दिया जाए । मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करने वाली किसी भी सूचना के सम्बंध में सम्बंधित उच्चाधिकारियों को तत्काल सूचित किया जाए। ड्यूटी पर लगा समस्त पुलिस फोर्स मतदाताओं से सम्मान जनक व्यवहार करें। मतदान केन्द्र के अन्दर किसी भी व्यक्ति को मोबाइल फोन तथा अन्य कोई वर्जित वस्तु न ले जाने दें। सभी जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट व समकक्ष जोनल व सेक्टर पुलिस अधिकारी समन्वय स्थापित कर सभी पोलिंग बूथों का निरीक्षण कर, पोलिंग पार्टियों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाऐं सुनिश्चित कर लें।

पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा उपस्थित अधिकारी/कर्मचारीगण को सम्बोधित करते हुए बताया कि हमारी प्राथमिकता स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराना है। इस दौरान निष्पक्षता और मनोयोग से ड्यूटी करें। बूथ पर नियुक्त किये गये समस्त पुलिसबल सर्वप्रथम अपने ड्यूटी के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी प्राप्त कर लें तथा यथा समय ड्यूटी पर उपस्थित हों किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरतें साथ ही अन्य आवश्यक दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी सरीला , क्षेत्राधिकारी यातायात व पुलिस अधिकारी, प्रभारी चुनाव सेल व अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

लोकसभा निर्वाचन 2024
ब्रीफिंग पुलिस बल
जनपद हमीरपुर
दिनांक : 15 अप्रैल 2024